आकाशवाणी शिमला

25.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

अग्निहोत्री

हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग ने पूरी तरह से ऑटोमेटिक अप्रूवल प्रणाली के तहत काम करना शुरू कर दिया है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि गुड्स, टूरिस्ट व नेशनल परमिट अब ऑटोमेटिक प्रणाली पर चल रहे हैं और 6 हजार 5 सौ 43 लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं।

विभाग की काफी सेवाएं हम डिजिटल और फेसलेस प्रणाली के तहत इसमें मानवीय हस्तक्षेप हटा दिया गया है और सीधे–सीधे ऑटोमेशन शुरू कर दी गई है और एक बहुत बड़ा पारदर्शी और विश्वसनीय प्रोसीजर जो है ट्रांसपोर्ट में लागू किया गया है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट का रेवेन्यू जो है 1000 करोड़ रुपया की राशि 1 साल के अंदर अकेले ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने अर्जित की है, जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

अग्निहोत्री ने बताया कि इस वर्ष परिवहन विभाग ने रिकार्ड एक हजार करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तीन साल में 2 हजार 7 सौ 44 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया है जबकि भाजपा ने इसी अवधि में एक हजार 5 सौ 64 करोड़ रूपए ही अर्जित किया था।

शिवराज–बैठक

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 31 मार्च तक किसानों के कल्याण के लिए राज्यों को आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने नई दिल्ली में कई राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही।

चन्द्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है। वे आज कांगड़ा जिला के ज्वाली सिविल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। चन्द्र कुमार ने कहा कि इस अस्पताल में लगभग सभी विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी अप्रैल माह से मरीज की पर्ची पर 10 रूपये, ईसीजी जांच पर 50 रूपये और अल्ट्रासाउंड जांच पर 2 सौ रूपये यूजर चार्ज निर्धारित किया जाएगा। इस बीच कृषि मंत्री की उपस्थिति में ज्वाली में इलैक्ट्रिक बस का सफल ट्रॉयल किया गया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज बल्ह विधानसभा क्षेत्र के सरकीधार में करीब 3 करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से स्कूल भवनों व पंचायत घर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 और 2025 में प्राकृतिक आपदा के कारण मण्डी जिला में जान–माल का अत्यधिक नुकसान हुआ है और सरकार ने प्रभावितों को त्वरित राहत पहुंचाने के हरसम्भव प्रयास किए हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा विभाग के माध्यम से लगभग 27 करोड़ 61 लाख रूपए की धनराशि पुर्नबहाली के कार्यों के लिए उपलब्ध करवाई गई है।

संगोष्ठी

सोलन के नौणी स्थित डॉक्टर वाई.एस. परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय में प्रकृति आधारित कृषि व नॉन टिम्बर फारेस्ट प्रोडक्टस विषय पर आज राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई.आई.टी. दिल्ली व रूड़की, शूलिनी विश्वविद्यालय व कृषि विश्वविद्यालय पंजाब के वैज्ञानिक शिक्षाविद्, शोधार्थी और विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। संगोष्ठी में जैव प्रौद्योगिकी, मृदा विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, पर्यावरण अभियांत्रिकी व सतत् कृषि के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों द्वारा व्याखान प्रस्तुत किए गए हैं।

समीक्षा बैठक

कुल्लू जिला उपायुक्त अनुराग चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में नदियों में जमा मलवे की ड्रेजिंग को लेकर आज कुल्लू में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन, जलशक्ति, खनन और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उपायुक्त ने ब्यास, पार्वती, सैंज और तीर्थन नदियों में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थलों पर ड्रेजिंग कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से आरम्भ करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

कार्यशाला

विद्यार्थियों में क्षमता निर्माण करने व उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोलन में प्री–प्राईमरी अध्यापकों के लिए 5 दिवसीय कार्यशाला आज शुरू हुई। ब्लॉक एलीमेंट्री अधिकारी हरीराम चंदेल ने बताया कि सोलन शिक्षा खण्ड के प्री–प्राईमरी शिक्षकों को बच्चों में क्षमता निर्माण विकसित करने के बारे में जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला में 50 शिक्षक भाग ले रहे हैं।

——————————————